## सार-समाचार

### मानसिक मंदता के विषय पर कार्यशाला

**कोटा, (निसं)।** अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा रविवार को मानसिक मंदता के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मानसिक मंदता, इसके स्तर, कारण, इससे जुड़ी गलतफहमियां और तथ्य, निदान, इलाज के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। मानसिक मंदता अधूरा मानसिक विकास है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में मंदबुद्धि भी कहा जाता है, ऐसे लोगों के कार्य करने की क्षमता सामान्य लोगों की तुलना में कम होती है। मानसिक रूप से मंद वे लोग होते हैं जिनका बुद्धि का सामान्य विकास जन्म से पहले, जन्म प्रक्रिया के दौरान या विकास के शुरूआती वर्षों में रुक जाता है या असंतुलित विकास होता है। मानसिक रूप से मंद व्यक्ति की सीखने-समझने की क्षमता, निर्णय लेने और समस्याओं को हल करने की क्षमता, अपनी देखभाल करने और प्रभावी तरीके से बात करने की क्षमता आदि सामान्य लोगों से कम होती है। इसके लक्षणों में अन्य बच्चों की तुलना में देर से बैठना, रेंगना या चलना, याददाश्त संबंधी समस्याएं, जिज्ञासा में कमी, स्वयं की देखभाल करने में असमर्थता, कम सहनशीलता, गुस्सा या आक्रामकता, सामाजिक गतिविधियों से दूर रहना आदि शामिल हैं। इसके कारणों में जीन के विकास में असंतुलन, सिर पर चोट, बीमारी, जहरीले पदार्थों का जाने-अनजाने में सामना, पोषण में कमी आदि शामिल हैं। विश्व में प्रत्येक 100 में लगभग 3 व्यक्ति मानसिक मंदता से पीड़ित हैं। इसके उपचार में लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए दवाईयां, काउंसलिंग, बिहेवियर थेरेपी आदि आते हैं। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि किस तरह से बच्चे में मानसिक मंदता होने से बचाव किया जा सकता है जैसे शिशुओं में समय से टीकाकरण, सिर पर चोट से बचाव के उपाय, अच्छे से भरण पोषण, जहरीले पदार्थों के संपर्क से बचना आदि शामिल है।

### एग्जिबिशन का समापन

**रामगंजमंडी(निसं)।** इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर अहमदाबाद द्वारा संचालित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन कोटा जिले की रामगंजमंडी कृषि उपज मंडी समिति यार्ड में किया जा रहा है।प्रदर्शनी के दूसरे दिन का शुभारंभ शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भव्य स्वागत के साथ किया गया।जिसके दूसरे दिन रविवार को कार्यक्रम में क्षेत्र की कई बडी हस्तियों एवं जिले के विभिन्न पदाधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री उनके विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता व स्थानीय प्रधान श्रीमती कलावती ओम फौजी सहित आदि द्वारा मां सरस्वती की पूजा के साथ की गई। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी की बालिकाओं द्वारा वंदे मातरम एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शनी में पधारे इसरो के सभी वैज्ञानिकों का सम्मान करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किए।कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खैराबाद के समस्त पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन दिलावर को विजय स्तंभ प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी विशिष्ट अतिथियों एवं अधिकारियों का भी स्वागत सम्मान किया गया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे, शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता द्वारा उनके उद्बोधन में इसरो की प्रदर्शनी का क्षेत्र के समस्त विद्यार्थियों के लिए महत्व बताया गया एवं शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग राजस्थान के नवाचारों और योजनाओं के बारे में बताया गया।

### नानी बाई का मायरा कथा सुनाई

**कोटा, (निसं)।** कालपुरा, नयापुरा स्थित राममंदिर महोत्सव समिति द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा की कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। कथा व्यास अन्तिमा योगी ने इस पावन अवसर पर भक्तों को प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि नानी बाई का मायरा हमारे धर्म और संस्कृति की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है, जो समर्पण और श्रद्धा का संदेश देती है। कथा के दौरान उन्होंने भक्ति, सेवा और त्याग का महत्व समझाया और भगवान श्रीकृष्ण के अद्वितीय प्रेम और करुणा की व्याख्या की। इस अवसर पर भजनों और मंगल गीतों ने भक्तिमय वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। कक्षा व्यास अन्तिमा योगी ने कहा कि नरसी मेहता जी एक महान भक्त और संत थे, उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन उनका प्रभु के प्रति विश्वास कभी नहीं डगमगाया। उनकी भक्ति और विश्वास हमें सिखाते हैं कि चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएं, हमें अपने ईश्वर पर अटूट विश्वास रखना चाहिए।

### कोटा के व्याख्याता मुकेश गौतम शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश उपसभाध्यक्ष बने

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन जिला झुंझुनूं में आयोजित हुआ कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि रहे। जिलाध्यक्ष हरिओम प्रजापति ने बताया कि समापन दिवस में हजारों शिक्षकों की उपस्थिति में प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ जिसमें महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आरएसी कोटा के भूगोल व्याख्याता मुकेश गौतम प्रदेश उपसभाध्यक्ष निर्वाचित हुए और देवेन्द्र राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंजू डोरिया प्रदेश महिला मंत्री निर्वाचित हुए। इस निर्वाचन से कोटा के सभी शिक्षकों में उत्साह एवं खुशी का माहौल हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने समर्पण के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षक हित का कार्य करने का संकल्प लिया। अधिवेशन में शिक्षक संघ सियाराम के पूर्व प्रदेश उपसभाध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, जिला मंत्री राम सिंह मीणा, जिला सभाध्यक्ष राजसिंह, बालचंद धाकड़, सुरेश मालव, भूरालाल बंजारा, मांगीलाल, सरस्वती गौत्तम, रेणु सोनी, कला बंजारा सहित अनेक शिक्षक सम्मिलित हुए।

### मंदिर से नगदी सहित आभूशण चोरी

**छबड़ा (निसं)।** रिछडा गांव में स्थित चौथ माता मंदिर पर शनिवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए 20-25 हज़ार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार रिछडा गांव में स्थित चौथ माता मंदिर पर शनिवार रात्रि को लगभग 1.30 बजे अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें सोने व चांदी के छत्र सहित अन्य 20-25 हज़ार रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने पुजारी राधेश्याम प्रजापति सहित ग्रामीणों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


छठी पुण्यतिथि



श्री कैलाश चन्द बैंद
वरिष्ठ पत्रकार एंव राजस्थान की प्रथम विज्ञापन एजेन्सी के संस्थापक
(पुत्र स्व.श्री मदनलाल जी जैन बैद,बडियाल वाले)
आपकी सीख वो छाँव है,
जिसमें सदैव सुकून का अहसास
और आपके स्नेह का आभास है !
आप हमारी यादों में हमेशा अमर है ।
शत् शत् नमन...
श्रद्धानवत :
बैद परिवार (बडियाल वाले)
रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी
राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी
9829051564, 9414058011


# ‘रक्त देंगे तो मिलेगी खुशी और खुशी से बढ़ता है रक्त’

**कोटा, (निसं)।** रक्तदान के क्षेत्र में कोटा का नाम निरंतर गौरांवित हो रहा है और युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस गौरव के क्षणों को और भी बढ़ा देती है। यदि एक महिला रक्तदान और एसडीपी के क्षेत्र में आगे आती है तो रक्त क्रांति के क्षेत्र में एक नया सूर्योदय होता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जब एक प्रतिष्ठित परिवार को एसडीपी की आवश्यकता थी और दूसरे प्रतिष्ठित परिवार ने एसडीपी का महत्व समझा और एसडीपी डोनेट कर किसी के जीवन को बचाने का सराहनीय प्रयास किया।

- कोटा में लगभग बीस महिलाएं ही है एसडीपी डोनर, 99 प्रतिशत पुरुष ही है एसडीपी डोनर
- महक ने पहली बार डोनेट की एसडीपी



कोटा में महक ने पहली बार एसडीपी डोनेट की।

टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी की बहन शकुंतला नुवाल को ओ पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, रविवार का दिन होने से व्यस्ताएं अधिक थी। माहेश्वरी ने गुप्ता से संपर्क किया, तब गुप्ता ने एक मैसेज को ग्रुपों में वायरल किया गया, ऐसे में मां भारती शिक्षण ग्रुप के अध्यक्ष दिनेश विजय की पुत्रवधू व निदेशक शुभम विजय की पत्नी महक विजय ने जब मैसेज देखा तो एसडीपी के बारे में जानना चाहा, जिज्ञासावश पूरी जानकारी प्राप्त की।

वह अपने पति शुभम विजय की सहमति से उनके साथ अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंची और उन्होंने जीवन की पहली एसडीपी डोनेट की। इससे पूर्व उन्होंने पहले कभी रक्तदान भी नहीं किया।

एसडीपी डोनेशन के बाद वह काफी प्रसन्नचित नजर आई। उनका कहना था कि हम रक्त देंगे तो खुशी मिलेगी और खुशी मिलती है तो रक्त बढ़ता है। इस अवसर पर उनके ससुर दिनेश विजय ने कहा कि बहु द्वारा किया गया यह कार्य महिला वर्ग के लिए सर्वोत्तम का प्रेरणास्रोत प्रयास है। परिवार के साथ ही समाज को इससे प्रेरणा मिलेगी। शुभम विजय ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम किसी की मदद कर पा रहे हैं, मदद के लिए हर संभव हर व्यक्ति को आगे जाना चाहिए। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि उनके जानकारी में पुरुषों की संख्या एसडीपी में 99 प्रतिशत है, ऐसे में महिला का आगे आना शुभ संकेत है।

महक कोटा शहर की गिनी-चुनी बीस के आसपास महिलाओं में शुमार हो चुकी है जो एसडीपी दे चुकी हैं। श्वेतांक माहेश्वरी को जब यह एसडीपी मिली तो उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को देखा, विश्वास जताया कि वह और उनका परिवार भी अब इस क्षेत्र में लोगों की मदद को आगे आएगा।

# पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा शहर के ओम आडवानी तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**कोटा, (निसं)।** स्वामी शांति प्रकाश हाल गुमानपुरा कोटा पर पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा शहर के अध्यक्ष पद हेतु हुए चुनाव में ओम आडवानी को तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी शमशेर परमानी व राकेश मामनानी ने बताया कि चुनाव में कोटा शहर की समस्त पंचायतो के 155 सदस्यों जिन में पंचायतो के अध्यक्ष, पदाधिकारियों द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया गया।

अध्यक्ष पद हेतु नामांकन में किसी भी सदस्य का नाम सामने नही आया तत्पश्चात् पूज्य सिंधी जरनल पंचायत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष किशोर मदनानी ने ओम आडवानी के अध्यक्ष पद के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर ओम आडवानी का माल्यार्पण एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचित अध्यक्ष ओम आडवानी ने कहा कि सिंधी समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए समाज के उत्थान एवं प्रगति हेतु मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करूंगा एवम् सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के गरीब तबके तक पहुंचाने में उनकी मदद करूंगा।



पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान के ओम आडवानी तीसरी बार अध्यक्ष बने।

## हमले के मामले में समाज में आक्रोश

**छबड़ा (निसं)।** भाजपा नेता पप्पू धाकड़ पर हुए प्राणघातक हमले के मामले में समाज में काफी आक्रोश है। घटना से क्षुब्ध समाजबंधुओं ने गणतंत्र दिवस पर भाजपा छोडने की चेतावनी दे दी हैं।

अखिल भारतीय धाकड महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष एसएल धाकड़ और महामंत्री नंदकिशोर धाकड़ कहा कि इस घटनाक्रम पर भाजपा से जुडे लोगो द्वारा ही राजनैतिक बयानबाजी की जा रही है, जो निंदनीय है। जबकि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को आगे आकर अपराधियों को पकडवाने में मदद करनी चाहिए। महासभा ने मुख्यमंत्री से उक्त मामले की निश्पक्ष जांच कर मामले में 8-10 अज्ञात अपराधियों को षीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। वही, महासभा ने हाल ही में जिले में कार्यरत डॉक्टर संपतराज को उनके सीएमएचओ पद से हटाने का भी विरोध किया है। उनका तबादला निरस्त कर उन्हे इसी पद पर लगाने की मांग की। धाकड़ के अनुसार भाजपाइयो ने समाज को नींव की ईंट बताकर जमीन में दफन कर दिया है।

## सतर्कता से गौवंश चोरी होने से बचा, वाहन जब्त

**छबड़ा (निसं)।** क्षेत्र के निपानियां गांव के पास स्थित छापरी गौशाला से शनिवार रात को आधा दर्जन अज्ञात लोगो ने मिनी ट्रक में गौवंष चुराकर ले जाने का प्रयास किया। छापरी मंदिर के पुजारी व ग्रामीणों की सतर्कता से गौवंश चोरी होने से बच गया और आरोपी अपने वाहन को छोडकर मौके से भाग निकले।

जानकारी अनुसार निपानियां गांव के पास मैन रोड पर छापरी मंदिर व गौषाला स्थित हैं। षनिवार रात को आधा दर्जन लोग गौषाला से गाय के बछडे चुराकर वाहन में चढ़ा रहे थे। षोरगुल सुन छापरी मंदिर के पुजारी ने पास ही रहने वाले षिवराज नागर को बताया। इस पर नागर वहां पहुंचा तो आधा दर्जन लोग गाय के बछडो को ट्रक में चढ़ा रहे थे। उन्हे देख ये लोग भाग छूटे। इस पर षिवराज नागर ने 100 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त किया। इस मामले में सीआई राजेष खटाना ने बताया कि रात्रि पुलिस गष्त टीम प्रभारी को सूचना मिली कि निपानियां छापरी मंदिर के पास एक ट्रक लावारिस हालत में खड़ा है।

इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक व एक मोटर साईकिल को 38 पुलिस एक्ट में जब्त किया। खटाना ने बताया कि ट्रक का स्टेक्चर गौवंष तस्करी जैसा प्रतीत हो रहा था। पुलिस इस मामले में साक्ष्य जुटाने में जुट गई हैं तथा इस घटना में लिप्त आरोपियो की तलाश जारी है।

इस घटनाक्रम को देखते हुए गौषाला समितियों से गौषालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की अपील की। देहात मण्डल अध्यक्ष अषोक गौड़ ने बताया कि छापरी गौषाला में षनिवार रात को अज्ञात लोग गौ तस्करी के लिए गौवंष चुराकर ले जा रहे थे। संभवतया: यह गौतस्करी का मामला हैं। उन्होने पुलिस से गौतस्करी के इस मामले की जांच की जाकर आरोपियो को गिरफ्तार किए जाने की मांग की।

## इसरो की सफलताओं से तिरंगा आसमान छू रहा : शिक्षा मंत्री

**रामगंजमंडी (निसं)।** शहर में शिक्षा विभाग खैराबाद की पहल से कृषि उपज मण्डी समिति यार्ड में आयोजित करवाई जा रही दो दिवसीय विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी (अंतरिक्ष उपयोग केंद्र-अहमदाबाद)का दूसरे दिन रविवार को भव्य समापन हो गया। इससे पूर्व शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हम सब भारतीय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की सफलताओं के कारण आज तिरंगा आसमान छू रहा है। इसरो के कारण हमारे चंद्रयान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक तिरंगा लहराया है। इसके लिए उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया। शिक्षा मंत्री रविवार को यहां अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के कृषि उपज मंडी समिति में इसरो द्वारा आयोजित विक्रम साराभाई स्पेस एग्जिबिशन में उपस्थित विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। दिलावर ने प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की।

# वंदना कैरियर इंस्टीट्यूट ने विजेता स्टूडेंट्स का सम्मान किया

**कोटा, (निसं)।** वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे व चेयरमैन मनोज दुबे ने वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेता स्टूडेंट्स का सम्मान मेडल व प्रमाणपत्र देकर किया। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे व चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया की वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट सोगरिया मे सम्पन्न प्रतिभा सम्मान समारोह मे प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपिका चौधरी, लक्षिता सिंह, जा वी चौधरी, हर्षिता मीणा, परी राठौड़, अंकिता मीणा, आदित्य मीणा, गगन वर्मा, विजय नागर, रॉबिन मीणा, महेश सुमन, शोलेन्द्र मीणा, आदित्य, दीपक महावर, लव मीणा, आयुष राठौड़, कुश मीणा, लावेश चंदेल, आलोक मीणा सहित कई स्टूडेंट्स सम्मानित हुए।



वंदना कैरियर इंस्टीट्यूट ने विजेता स्टूडेंट्स का सम्मान किया।

## सार-समाचार

### शिविर में 204 यूनिट रक्तदान हुआ

**छबड़ा (निसं)।** समाजसेवी प्रेमनारायण नागर की पुण्य स्मृति मे सालपुरा रोड़ स्थित श्रीलक्ष्मीआईटीआई में आयोजित रक्तदान शिविर मे कुल 204 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर मे महाकाल मित्र मंडल सहित अन्य सेवाभावी संगठनों का विषेश सहयोग रहा। शहीद राजमल मीणा राजकीय जिला चिकित्सालय बारां से आई टीम ने डॉ. रिपुदमन के नेतृत्व मे रक्त एकत्रित करने का कार्य किया। प्रधान हरिओम नागर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी विकास कुमार, तहसीलदार यादवेंद्र यादव, सीआई राजेश खटाना, पूर्व पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन, जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, वनवासी कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेश गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम बैरागी, राजेंद्र शर्मा, देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़, संग्रामसिंह मीणा, रूप सिंह लोधा, मोहनलाल नागर, धाकड़ समाज अध्यक्ष रामेश्वर नागर, सरपंच लक्ष्मण मीणा, सरपंच सत्यनारायण मालव, रामप्रसाद नागर, भगवान नागर, गोपाल नागर, सीताराम माहेश्वरी, एडवोकेट बृजभूषण शर्मा, प्रहलाद शर्मा ने षिरकत की। यहां नागर ने कहा कि रक्त कि एक-एक बूंद बहुत कीमती है, जिससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है। अन्य वक्ताओ ने कहा कि रक्त के महत्व को बताते हुए कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित रोगी को रक्त कि निरंतर आवश्यकता पड़ती रहती है, इसलिए रक्तदान बहुत जरूरी है और व्यक्ति को अपने जीवन मे रक्तदान करते रहना चाहिए।

### कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगंजमंडी (निसं)।** मोडक सर्वोदय विहार लेडीज ने शनिवार को अध्यक्षा विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा शशि मांडोत के मार्गदर्शन में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीआरओ स्नेहा पालीवाल के अनुसार कुकिंग प्रतियोगिता का थीम मीठे में (तिल गुड मूंगफली) एवं नमकीन में (हरीमटर गेंहू मेदा) था। इस प्रतियोगिता में कुल 79 प्रतियोगियों ने भाग लिया। नमकीन की 02 टेबल लगायी गई एवं मीठे की 4 टेबल लगायी गई। मीठे में टेबल नंबर 1 पर प्रथम भावना जैन द्वितीय पूजा गुर्जर व तृतीय संध्या जैन एवं टेबल नंबर 02 पर कनिका गोचर प्रथम द्वितीय निशा गालव व तृतीय संतरा बैरवा रही।वहीं टेबल नंबर 03 पर प्रथम किरण दाधीच द्वितीय प्रियंका आहिर व तृतीय रेखा शर्मा एवं टेबल नंबर 04 प्रथम माया जोशी द्वितीय शिमला मेहता व तृतीय बिमला गौतम रही। टेबल नंबर 01 प्रथम रेखा पारीक द्वितीय शेला शर्मा व तृतीय ज्योति शेखवात एवं टेबल नंबर 02 पर प्रथम संगीता सिंह द्वितीय सुनीता मिश्रा व तृतीय मुन्नी झा रही। विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार देने साथ अध्यक्षा एवं संयुक्त अध्यक्षा ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर निर्णायक मंडल हमारे मुख्य अतिथि सुनील सचान अनिल मांडोत एवं चौधरी एस के पालीवाल बी के शर्मा पी के सिन्हा व विनय जैन उपस्थित रहे। क्लब सेक्रेट्री चंचल मेहरा एवं उनकी टीम ने बुके प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने व्यंजनों को खूब सराहा। इस अवसर पर दोनों एक्सक्यूटिव सदस्या अंजलि सिन्हा एवं चन्दन जैन भी मौजूद रही।

### वीर गुर्जर विकास समिति की आम सभा की बैठक सम्पन्न

**कोटा, (निसं)।** वीर गुर्जर विकास समिति की आम सभा की बैठक पन्नालाल गहलोत सेवानिवृत्त लेखाधिकारी की अध्यक्षता में देव सामुदायिक भवन सुभाषनगर कोटा में आयोजित की गई। जिसमें समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र नागदा के द्वारा अपने 2 वर्ष की उपलब्धियों से सभी समाजबन्धुओं को अवगत करवाया। उनके द्वारा किए गये समाजहित के कार्यो छात्रावास का सुचारू संचालन, सीसीटीवी केमरे, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि गुह की व्यवस्था, रिकॉर्ड संघारण, यूडी टैक्स में कमी करवाना सहित साडू माता की मूर्ति स्थापना कार्यो का उल्लेख किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष विद्यारतन गोचर के द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष फूलचन्द गोचर, परमानन्द गोचर पूर्व महामंत्री महेन्द्र प्रताप सौपा, केदारलाल गोचर, रामनिवास गोचर, श्पखराज गोचर, जसराज गुर्जर, माणकचन्द गोचर आदि प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किये। छात्रों ने 2 वर्ष के कार्यकाल में छात्रावास के व्यवस्थित संचालन के लिये अध्यक्ष साहब का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर समिति के आगामी द्विवार्षिक चुनाव हेतु नरेन्द्र कुमार गहलोत प्रधानाचार्य को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया तथा उन्होने सर्वसम्मति से आगामी कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु नामांकन की तिथि 09 फरवरी तय की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे।

### अकाउंट एसोशिएशन की बैठक सम्पन्न

**झालावाड़ (निसं)।** रविवार को को राजस्थान अकाउंट एसोशिएशन शाखा झालावाड़ की बैठक वन विभाग की नर्सरी में आयोजित की गई जिसमें सहायक कोषाधिकारी ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष लोकेश भील द्वारा आगामी कार्य योजना प्रस्तुत की गई ,सालिगराम दांगी सहायक लेखाधिकारी प्रथम ने अब तक पदोन्नत हुए अधीनस्थ लेखा के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम, व सहायक लेखाधिकारी ग्रेड सेकंड को राज सरकार द्वारा पदोन्नित पर शीघ्र पदस्थापन किये जाने की मांग रखी जिससे उनको पदोन्नित का वास्तविक पद पर पदस्थापन मिल सके इस अवसर पर उपस्थित आशीष गौतम सहायक कोषाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम संजय व्यास, जुगल किशोर पाटीदार, द्वारका लाल मेहर, अनवर परवेज, फूलचंद नागर, अनुराग वर्मा, विश्वेंद्र सिंह तथा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड सेकंड धीरज राठौर, नरपत सिंह चौहान, मिलन नागर, अमित चतुर्वेदी, सतीश चंद्र शर्मा एवं अन्य लेखाकर्मी उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब कोटा में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की आधिकारिक यात्रा आज

**कोटा, (निसं)।** इनरव्हील क्लब कोटा में सोमावार 20 जनवरी को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन स्वाति गुप्ता एवं अहमदाबाद से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी वर्षा शाह की आधिकारिक यात्रा होगी। यात्रा के दौरान वे क्लब द्वारा वर्षभर में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों का अवलोकन करेंगी। क्लब अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि इस विशेष अवसर पर क्लब की सचिव नीता जैन के साथ-साथ सभी पीडीसी, पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में क्लब की प्रोजेक्ट चेयरमैन और मीडिया कॉ-ऑर्डिनेटर निशा जैन तथा को-चेयरमैन नीरजा कोहली भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह यात्रा क्लब की गतिविधियों के मूल्यांकन और आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस दौरान क्लब की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### रेलवे चिकित्सालय शिविर में 97 कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा

**कोटा, (निसं)।** रेलवे चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय अभियान के अन्तर्गत क्षय रोग के उन्मूलन एवं जागरूकता हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ सतवीर डूडी के निर्देशन मे उप मंडल रेल चिकित्सालय गंगापुर सिटी मे किया गया। रिटायर्ड अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजेंद्र शास्त्री (चेस्ट एवं क्षय रोग विशेषज्ञ) के द्वारा 97 कर्मचारियों एवं उनके परिवार जन की जांच कर उचित चिकित्सा सलाह प्रदान की गई। साथ ही एक जागरूकता संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 20 जनवरी को कोटा रेलवे चिकित्सालय में नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी परामर्श शिविर का आयोजन 20 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति ने कम्बल वितरित किए

**कोटा, (निसं)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में रविवार को कंबल बांटे गए। संभाग महामंत्री संजय गोयल व महामंत्री गजानन सिंगला ने बताया कि संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रसेन चौराहा एवं लकी बुर्ज, गोपाल निवास बाग में 51 कम्बल वितरित किए गए। संजय गोयल ने बताया कि 21 जनवरी को खड़े गणेशजी क्षेत्र में कंबल वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रमुख अग्रवाल संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, मंत्री दिनेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष कमला मित्तल, आराधना अग्रवाल, संगीता गर्ग, अंबिका गर्ग, राखी बंसल, विशाल अग्रवाल, अश्वनी गर्ग उपस्थित रहे।